>

Title: Issue regarding extending the current session and passing the pending bills.

श्री संजय निरुपम (मुम्बई उत्तर): सभापति जी, 15वीं लोक सभा का आज आखिरी दिन का आखिरी घंटा है। पिछले पांच वर्षों में जबर्दस्त काम करने के बाद भी आज हमें महसूस हो रहा है कि कुछ महत्वपूर्ण विधेयक आज भी पेंडिंग पड़े हुए हैं, जिनमें भ्रष्टाचार विरोधी 6 विधेयक हैं, जिन्हें कानून बनाने से भ्रष्टाचार पर नियंत्रण स्थापित होगा। मैं आपसे निवेदन करूंगा कि कम्युनल वायलेंस बिल, डिसेबिलिटी बिल, ग्रीवेंस-रिड्रेसल बिल, व्हिसल ब्लोवर बिल आदि तमाम बिलों को पास करने के लिए एक हफ्ते सदन का समय बढ़ाया जाना चाहिए। आज पूरे देश की जनता इस सदन की तरफ देख रही है। भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए, कानूनी व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए और जो-जो विधेयक सरकार को पास करने हैं, उनके लिए समय को एक हफ्ते और बढ़ाया जाना चाहिए। मेरा आपसे यही अनुरोध है।

सभापति महोदय :

डा. विनय कुमार पाण्डेय जी को संजय निरुपम जी द्वारा उठाये गये विषय के साथ सम्बद्ध किया जाता है।